(लोक सभा द्‌वारा 26-6-2019 को पारित रूप में)

**2019 का विधेयक संख्यांक 93-सी**

[दि स्पेशल इकोनोमिक जोन (अमेंडमेंट) बिल, 2019 का हिन्दी अनुवाद]

# विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) विधेयक, 2019

**विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005**
**का संशोधन करने के लिए**
**विधेयक**

भारत गणराज्य के सत्तरवें वर्ष में संसद् द्‌वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :--

संक्षिप्त नाम और प्रारंभ ।

**1.** (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) अधिनियम, 2019 है ।

(2) यह 2 मार्च, 2019 को प्रवृत्त हुआ समझा जाएगा ।

2005 का 28

धारा 2 का संशोधन ।

**2.** विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 की धारा 2 के खंड (फ) में,-

(i) "स्थानीय प्राधिकारी" शब्दों के पश्चात्, ", न्यास या कोई अस्तित्व, जो केंद्रीय सरकार द्‌वारा अधिसूचित किया जाए" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे ;

(ii) "प्राधिकारी या कंपनी" शब्दों के स्थान पर, "प्राधिकारी, कंपनी, न्यास या अस्तित्व" शब्द रखे जाएंगे ।

2019 का अध्यादेश सं. 12

निरसन और व्यावृत्तियां ।

**3.** (1) विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) अध्यादेश, 2019 को इसके द्‌वारा निरसित किया जाता है ।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, उक्त अध्यादेश के अधीन की गई कोई बात या की गई कोई कार्रवाई इस अधिनियम के अधीन की गई समझी जाएगी ।

MGIPMRND—904LS(CRC)—26-6-2019.